-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले 03 पीड़ितों के खाते में कुल 01 लाख 26 हजार 653 रुपये कराये गये वापस।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने वाले 03 पीड़ितों के खाते में कुल 01 लाख 26 हजार 653 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि विभिन्न मामलों में साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्तियों के राशियों को वापस कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम को निर्देशित किया गया था। जिसके सम्बन्ध मे 1-थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले राजेश कुमार गुप्ता के साथ साइबर ठगो द्वारा ऑनलाइन एड के माध्यम से माल बेचने के नाम पर 49,999/ रुपए की ठगी करने। 2-थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के लुकतरा के रहने वाले शान्ता प्रसाद के साथ साइबर अपराधियों द्वारा बैंक कर्मचारी बनकर KYC (Know Your Customer-अपने ग्राहक को जानों) अपडेट के नाम पर 54,998 रुपए की ठगी करने तथा 3- प्रहलाद के साथ साइबर अपराधियों द्वारा रिश्तेदार बनकर चचेरे भाई के अस्पताल में भर्ती होने की बात कहकर 21,656 रुपए की ठगी करने के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए सभी के पीड़ितों की सम्पूर्ण राशि बरामद कराई गई। सभी ने साइबर ठगी की राशि वापस कराने के लिए पुलिस टीम का हृदय से धन्यवाद दिया।

वापस करायी गई कुल धनराशि-

- 03 पीड़ितो के कुल 01 लाख 26 हजार 653 रुपये।

टीम का विवरण-

1. श्री सभाजीत पटेल प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना
2. उ0नि0 श्री आकाश शुक्ला
3. कां0 अंकित सिंह
4. म0कां0 ज्योति उपाध्याय